भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, मुंबई

RESERVE BANK OF INDIA SERVICES BOARD, MUMBAI

विज्ञापन सं. 2ए / 2009-10 तार का पता : "सर्वबोर्ड" मुंबई

(यह विज्ञापन और आवेदन फार्म का फार्मेट भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट, www.rbi.org.in से प्राप्त किया जा सकता है)ता है)

भारतीय रिज़र्व बैंक (भारिबैं/बैंक) में निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों, नेपाल और भूटान की प्रजा, तिब्बती शरणार्थी (1 जनवरी 1962 से पहले भारत में आए हुए) और म्यांमार और श्रीलंका से भारत में स्थायी रूप से बसने के इरादे से आए भारतीय मूल के व्यक्तियों जिनके पक्ष में भारत सरकार द्वारा जारी किया गया पात्रता प्रमाणपत्र हो, से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं ।

क्र.सं.	पद	रिक्तियों की संख्या				कुल
		अनारक्षित (अना)/ सामान्य	अनुसूचित जाति (अजा)	अनुसूचित जनजाति (अजजा)	अन्य पिछड़ा वर्ग (अपवि)	
1.	मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड डी	01	-	-	-	01
2.	**सहायक प्रबंधक (सुरक्षा) ग्रेड ए ***					
	पिछली बार न भरी गई रिक्तियां	**-**	04	01	06	11
	वर्तमान रिक्तियां	07	-	02	01	10
	कुल	**07**	**04**	**03**	**07**	**21**
3.	विधि अधिकारी ग्रेड बी **	02	-	01	-	03
4.	आर्थिक विश्लेषण और नीति विभाग (आविनीवि) के लिए	**07**	01	01	04	13

	अनुसंधान अधिकारी ग्रेड बी					
5.	सहायक प्रबंधक (राजभाषा) ग्रेड ए ***	06	01	01	01	09

* ये पद शारीरिक रूप से विकलांग लोगों के लिए उपयुक्त नहीं हैं ।

** विकलांग लोगों के लिए कोई पद आरक्षित नहीं है। तथापि शारीरिक रूप से विकलांग लोग आवेदन कर सकते हैं परंतु वे आयु तथा आवेदन शुल्क को छोड़कर किसी भी रियायत के लिए पात्र नहीं होंगे ।

*** 1 पद बधिरों के लिए आरक्षित है। दृष्टिहीन विकलांगों तथा अस्थिरूप से विकलांग उम्मीदवारों के लिए कोई पद आरक्षित नहीं हैं । तथापि दृष्टिहीन विकलांग तथा अस्थिरूप से विकलांग उम्मीदवार भी इन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं परंतु वे आयु तथा आवेदन शुल्क को छोड़कर किसी भी रियायत के लिए पात्र नहीं होंगे। शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवार किसी भी श्रेणी (सामान्य/अजा/अजजा/अपिव) के हो सकते हैं ।

टिप्पणी: 1) बधिर उम्मीदवारों के मामले में अक्षमता की डिग्री 40% और 75% के बीच होनी चाहिए ।

2) इन शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवारों के पास भारत सरकार/राज्य सरकार के प्राधिकृत विभाग/अस्पताल द्वारा जारी इस आशय का प्रमाण पत्र होना चाहिए ।

1. मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड 'डी' में

क) कार्य संबंधी अपेक्षाएं:

मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष बैंक के पुस्तकालय का अध्यक्ष होगा जो भारत में सबसे बड़ा बैंकिंग व वित्तीय पुस्तकालय तथा सूचना प्रणाली है । यहां एक लाख से भी ज्यादा दस्तावेज जिसमें पुस्तकें, पत्रिकाओं के बैक वाल्यूम, चर्चा पत्रों तथा किए गए कार्यों का विशेष संग्रह तथा इलेक्ट्रानिक संसाधनों का एक महत्त्वपूर्ण संग्रह शामिल है। वह पुस्तकालय/ई-पुस्तकालय की गतिविधियों जैसे पुस्तकों तथा इलेक्ट्रानिक संसाधनों यथा ऑनलाइन पत्रिकाओं तथा डाटाबेस के चयन, संदर्भ सेवाएं तैयार करने, संक्षेपण, दस्तावेजीकरण, ग्रंथसूचीयन तथा पुस्तकालय

मैनुअल आदि बनाने के लिए उत्तरदायी होगा । वह एक आधुनिकतम डिजीटल पुस्तकालय अनुभाग विकसित करने के लिए उत्तरदायी होगा । वह पुस्तकालय को दोनों प्रिंट तथा इलेक्ट्रानिक संसाधनों के संबंध में अद्यतन रखने तथा विविध प्रबंधकीय व तकनीकी कार्यों तथा पुस्तकालय सेवा में सूचना एवं संप्रेषण प्रोद्यौगिकी को लागू करने के संबंध में सक्षम होना चाहिए । वह पुस्तकालय के निर्बाध रूप से कार्य करने तथा स्टाफ प्रबंधन के लिए पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगा । इसके अतिरिक्त वह बैंक के विभिन्न पुस्तकालयों तथा अन्य संस्थानों/विदेशों के पुस्तकालयों से सहयोग तथा समन्वय स्थापित करने के लिए भी उत्तरदायी होगा ।

ख) पात्रता मानदंड

(i) शैक्षिक अर्हताएं (दिनांक 01.11.2009 को):

अनिवार्य:

भारत अथवा विदेश में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ प्रतिष्ठित संस्थान से कम से कम 55% अंक सहित अर्थशास्त्र/वाणिज्य/इकोनोमेट्रिक्स में स्नातकोत्तर डिग्री तथा कम से कम 55% अंक सहित पुस्तकालय विज्ञान में स्नातक डिग्री **अथवा** भारत अथवा विदेश में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ प्रतिष्ठित संस्थान से कम से कम 55% अंक सहित पुस्तकालय विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री

<u>वांछनीय:</u>

सामाजिक विज्ञान अथवा पुस्तकालय विज्ञान में पीएच.डी. डिग्री अथवा पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में समकक्ष अनुसंधान कार्य, सूचना प्रोद्यौगिकी अथवा कंप्यूटर विज्ञान में डिप्लोमा ।

ii) **अनुभव (दिनांक 01-11-2009 को):**

विश्वविद्यालय/अधिमानत: बैंकिंग, अर्थशास्त्र अथवा अन्य सामाजिक विज्ञानों से संबंधित मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थान के पुस्तकालय में पुस्तकालयाध्यक्ष अथवा उत्तरदायी क्षमता में न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव (अनिवार्य अर्हताएं प्राप्त

करने के बाद) **तथा** पुस्तकालय सेवाओं के कंप्यूटरीकरण तथा बड़े एवं नेटवर्कीकृत पुस्तकालय व सूचना प्रणाली के प्रबंधन का अनुभव

iii) **आयु (दिनांक 01-11-2009 को):**

आयु 40 वर्ष से अधिक न हो ।

टिप्पणी: उम्मीदवार शैक्षिक अर्हता, अनुभव तथा आयु के संबंध में प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों की प्रतियां आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें ।

ग) <u>चयन योजना :</u> चयन केवल साक्षात्कार के माध्यम से होगा । यदि आवश्यक हो तो उन पात्र उम्मीदवारों, जिन्हें साक्षात्कार के लिए बुलाया जाना है, को शार्ट लिस्ट करने के लिए बोर्ड आवेदनों की प्राथमिक स्क्रीनिंग करेगा । अत: केवल विज्ञापन में दी गई अपेक्षाओं को पूरा करने से कोई भी उम्मीदवार स्वत: ही साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के लिए पात्र नहीं होगा। साक्षात्कार की तारीख शार्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को शीघ्र ही बताई जाएगी।

2. सहायक प्रबंधक (सुरक्षा) ग्रेड 'ए'

क) **कार्य संबंधी अपेक्षाएं :** वे अग्रलिखित कार्यों के लिए उत्तरदायी होंगे : (i) बैंक के कार्यालय भवनों में ट्रेजर वाल्टों, गलियारों, प्रवेश और बर्हिगमन द्वारों आदि के लिए आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था के बारे में पहरेदारी और चौकीदारी की व्यवस्था, सीसीटीवी के द्वारा निगरानी, मानिटरिंग, रिकार्डिंग आदि (ii) बैंक की संपत्ति की सुरक्षा/अनुरक्षण तथा (iii) इस प्रयोजन के लिए लगाए गए स्टाफ पर नियंत्रण ।

ख) पात्रता मानदण्ड:

(i) अनुभव (दिनांक 01-11-2009 को) उन्हें थल सेना/जल सेना/ वायु सेना में न्यूनतम पांच वर्ष की कमीशन-प्राप्त सेवा कर चुका कोई अधिकारी होना चाहिए ।

(ii) आयु (दिनांक 01-11-2009 को) 25 और 40 वर्ष के **बीच (किसी भी श्रेणी को कोई छूट नहीं)।**

ग) चयन योजना : चयन साक्षात्कार के माध्यम से होगा । साक्षात्कार के लिए बुलाये जानेवाले उम्मीदवारों की संख्या को रिक्तियों की संख्या के समानुपातिक रूप में सीमित करने की दृष्टि से अनुभव की न्यूनतम सीमा को बढ़ाए जाने का अधिकार बोर्ड के पास सुरक्षित है। साक्षात्कार की तारीख शार्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को शीघ्र ही बताई जाएगी।

3. विधि अधिकारी ग्रेड 'बी' (सीभ)

क) कार्य संबंधी अपेक्षाएं: (i**)** बैंक के विभिन्न विभागों और इससे संबद्ध संस्थाओं से प्राप्त विधिक विषयों के संदर्भों के साथ व्यवहार जो मुख्यत: विभिन्न कानूनों की व्याख्या जैसे भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934, बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 , विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम 1999, कंपनी अधिनियम 1956, आदि से संबंधित है। **(**ii**)** बैंक द्वारा लागू किए गए/लागू किए जाने के लिए कानून का प्रारंभिक ड्राफ्ट तैयार करना । **(**iii**)** ऐसी मुकदमेबाजी जिसमें बैंक और इससे संबद्ध संस्थाएं शामिल हों, के संबंध में परामर्श देने के लिए दलीलों तथा व्यापक अनुदेशों/पक्ष कथन का ड्राफ्ट तैयार करना। **(**iv**)** बैंक की ओर से समाधान अधिकारी, श्रम न्यायालय, अभिकरण आदि के समक्ष उपस्थित होना।

ख) पात्रता मानदण्ड:

i) **शैक्षिक अर्हताएं (दिनांक 01-11-2009 को):**

अनिवार्य: न्यूनतम 50% अंक या समकक्ष के साथ विधि में स्नातक की डिग्री जो अधिवक्ता के रूप में नामांकन के प्रयोजन के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त हो।

टिप्पणी: अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए विधि की स्नातक डिग्री में न्यूनतम अपेक्षित अंक 45% होंगे।

वांछनीय: (i) 60% अंक या समकक्ष सहित विधि में स्नातक डिग्री अथवा विधि में स्नातकोत्तर डिग्री ।
(ii) कंप्यूटर एप्लीकेशनों में प्रवीणता।

ii) **अनुभव (दिनांक 01-11-2009 को):**

अनिवार्य: एक अधिवक्ता के रूप में या किसी बड़े बैंक/वित्तीय संस्थान/ संवैधानिक निगम/कंपनी के विधि विभाग में विधि अधिकारी और /या अधिवक्ता या सॉलीसिटर के कार्यालय या केंद्रीय/राज्य सरकार के विधि विभाग में विधि सहयोगी/विधि परामर्शदाता या किसी विधि महाविद्यालय/विश्वविद्यालय में शिक्षक के रूप में कम से कम दो वर्ष का अनुभव ।

टिप्पणी: अधिवक्ता के रूप में वकालत करने वालों के मामले में **(i)** बार काउंसिल पंजीयन प्रमाण-पत्र और **(ii)** बार एसोसिएशन का प्रमाण-पत्र, जिसका उम्मीदवार सदस्य हो या उस न्यायालय के पीठासीन अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र जिसमें उम्मीदवार ने अपेक्षित अवधि के लिए वकालत की हो, को साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना होगा ।

वांछनीय: बैंकिंग विधि, कंपनी विधि, श्रम विधि एवं संवैधानिक विधि का विशेष ज्ञान और बहस एवं दस्तावेज़ का मसौदा तैयार करने का अनुभव ।

iii) **सीमा (01-11-2009):**
32 वर्ष से अधिक नहीं (अर्थात् उम्मीदवार का जन्म 02-01-1977 से पहले का नहीं होना चाहिए)। एलएल.एम. डिग्रीधारी उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 3 वर्ष की तथा विधि में पीएच.डी उम्मीदवार के लिए 5 वर्ष की छूट है । विनिर्दिष्ट श्रेणियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट के लिए कृपया निम्नलिखित मद सं. 7 देखें ।

ग) चयन योजना :

चयन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से होगा । लिखित परीक्षा रविवार **दिनांक 14 फरवरी 2010** को आयोजित की जाएगी और इसमें निम्नांकित ब्योरे के अनुसार वस्तुनिष्ठ तथा वर्णनात्मक प्रकार के प्रश्न होंगे :

ब्योरा	**अधिकतम अंक**	**अवधि**
प्रश्न-पत्र । विधि का सामान्य ज्ञान		
वस्तुनिष्ठ प्रकार का	30	तीन घंटे
वर्णनात्मक प्रकार का	120	
कुल	150	
प्रश्न-पत्र ।। अंग्रेजी		
वर्णनात्मक प्रकार का	100	तीन घंटे
कुल जोड़	**250**	

प्रश्न-पत्र । (विधि का सामान्य ज्ञान) हिन्दी और अंग्रेजी में होगा । उत्तर हिन्दी या अंग्रेजी में लिखे जा सकते हैं । उम्मीदवारों को साक्षात्कार में हिन्दी या अंग्रेजी में उत्तर देने का विकल्प होगा । साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या का निर्णय लिखित परीक्षा में अर्जित किये गये अंकों के आधार पर बोर्ड द्वारा लिया जाएगा । अंतिम चयन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के निष्पादन के आधार पर सम्मिलित रूप से किया जाएगा । लिखित परीक्षा और साक्षात्कार, बोर्ड के निर्णायानुसार स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे ।

घ) <u>पाठ्यक्रम</u>

प्रश्न-पत्र । (वस्तुनिष्ठ और वर्णनात्मक प्रकार का) : **(i)** संवैधानिक विधि **(ii)** प्रशासनिक विधि **(iii)** सांविधिक व्याख्या के सिद्धांत **(iv)** साक्ष्य विधि (v) संविदा अधिनियम 1872 **(vi)** संपत्ति अंतरण अधिनियम 1882 **(vii)** निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट अधिनियम 1881 **(viii)** पंजीकरण अधिनियम 1908 **(ix)** सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 **(x)** विधि ड्राफ्टिंग आदि। उपर्युक्त पाठ्यक्रम केवल सांकेतिक है न कि संपूर्ण।

प्रश्न-पत्र ॥ (अंग्रेजी) : निबंध, सार लेखन, बोधगम्यता, व्यवसायिक/कार्यालयीन पत्राचार।

4. अनुसंधान अधिकारी 'ग्रेड बी' आविनीवि के लिए

क) कार्य संबंधी अपेक्षाएं: अनुसंधान गतिविधियां संचालित करना तथा अन्य बातों के अलावा नीति निर्माण में सहभागिता।

ख) पात्रता मानदंड

(i) अनिवार्य शैक्षिक अर्हताएं (दिनांक 01-11-2009 को): i) भारत अथवा विदेश के किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंक अथवा समकक्ष ग्रेड सहित अर्थशास्त्र (विशेषज्ञता किसी भी क्षेत्र में) में स्नातकोत्तर डिग्री । अथवा **ii)** भारत अथवा विदेश के किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से किसी भी विषय में 55% अंक अथवा समकक्ष ग्रेड सहित स्नातकोत्तर डिग्री सहित अर्थशास्त्र में डाक्टरेट ।

टिप्पणी: स्नातकोत्तर डिग्री परीक्षा अथवा समकक्ष मान्य अर्हता में न्यूनतम 50 %अंक अथवा समकक्ष ग्रेड वाले अजा/अजजा/ उम्मीदवार आवेदन करने लिए पात्र हैं।

अधिमान्य/वांछनीय अर्हता: अर्थशास्त्र में अनुसंधान या अध्यापन का अनुभव और मानक पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशन एक अतिरिक्त योग्यता समझी जाएगी ।

ii) आयु (दिनाक 01-11-2009 को) : 21 और 30 वर्ष के बीच (अर्थात् उम्मीदवार का जन्म 02/11/1979 के पहले और 01/11/1988 के बाद नहीं हुआ हो) । विनिर्दिष्ट श्रेणियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट के लिए कृपया निम्नलिखित मद सं. 7 देखें । इसके अतिरक्त

(i) भारत/विदेश के मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से विनिर्दिष्ट विषयों में <u>एम.फिल/डाक्टरेट डिग्रीधारी</u> उम्मीदवार ऊपरी आयु सीमा में क्रमश: 1 और 3 वर्ष की छूट के लिए पात्र होंगे ।

(ii) भारत/विदेश के किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान में अनुसंधान/अध्यापन के अनुभव के साथ स्नातकोत्तर डिग्रीधारी उम्मीदवार ऊपरी आयु सीमा में उक्त अनुभव के वर्षों की सीमा तक छूट के लिए पात्र होंगे । यह छूट अधिकतम 3 वर्ष की होगी ।

(iii) तथापि, उन उम्मीदवारों को आयु सीमा में संचयी छूट उपलब्ध नहीं होगी जो उपर्युक्त दोनों श्रेणियों के तहत पात्र हैं तथा उन उम्मीदवारों को भी संचयी छूट उपलब्ध नहीं होगी जिन्हें किसी विनिर्दिष्ट श्रेणी के तहत ऊपरी आयु सीमा में कोई छूट प्राप्त है अर्थात अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष तथा अजा/अजजा उम्मीदवारों के मामले में 5 वर्ष ।

ग) <u>चयन योजना</u> :

चयन, लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से होगा । लिखित परीक्षा के लिए तीन प्रश्न-पत्र होंगे। लिखित परीक्षा दिनांक 6 (शनिवार) तथा 7(रविवार) फरवरी 2010 को आयोजित की जाएगी।

प्रश्न पत्र का प्रकार	**अवधि**	**अधिकतम अंक**
पेपर- **I** अर्थशास्त्र पर वस्तुनिष्ठ स्वरूप का	3 घंटे	100
पेपर- **II** अर्थशास्त्र पर वर्णनात्मक स्वरूप का	3 घंटे	100
पेपर - **III** अंग्रेजी पर वर्णनात्मक स्वरूप का	3 घंटे	100
कुल		300

घ) पाठ्यक्रम:

(i) प्रश्नपत्रों का स्तर भारत के किसी भी केन्द्रीय विश्वविद्यालय की अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर डिग्री की परीक्षा का होगा । **(ii)** अंग्रेजी के लिए पाठ्यक्रम: निबंध, सार लेखन, बोधगम्यता, व्यवसायिक/कार्यालयीन पत्राचार ।

ड़) परीक्षा और साक्षात्कार: (i) केवल उन्हीं उम्मीदवारों के प्रश्न-पत्र **II** और प्रश्न-पत्र **III** का मूल्यांकन किया जाएगा, जिन्होंने बोर्ड के निर्णयानुसार प्रश्नपत्र **I** में गुणवत्ता के आधार पर पर्याप्त रूप से उच्च अंक अर्जित किए हों । **(ii)** लिखित परीक्षा का प्रश्नपत्र हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में तैयार किया जायेगा (अंग्रेजी के पेपर **III** को छोड़कर) । उत्तर हिंदी अथवा अंग्रेजी में लिखे जा सकते हैं । उम्मीदवार अपने विकल्प पर साक्षात्कार के दौरान हिंदी अथवा अंग्रेजी में उत्तर दे सकते हैं । **(iii)** साक्षात्कार हेतु बुलाए जानेवाले उम्मीदवारों की संख्या बोर्ड द्वारा तय की जाएगी । **(iv)** अंतिम तौर पर चयन, लिखित परीक्षा (प्रश्नपत्र **I, II** और प्रश्नपत्र **III**) तथा साक्षात्कार में निष्पादन के आधार पर सम्मिलित रूप से होगा ।

5 . सहायक प्रबंधक (राजभाषा) ग्रेड 'ए'

क) कार्य संबंधी अपेक्षाएं :

i) बैंक के विभिन्न संदर्भों, दस्तावेज़ों, मैनुअलों और अन्य प्रकाशनों का अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद और इसके विपरीत तथा इनके मुद्रण की व्यवस्था करना ।
ii) हिन्दी के प्रयोग के संबंध में सरकार के अनुदेशों का कार्यान्वयन ।
iii) बैंक के स्टॉफ के लिए हिन्दी शिक्षण योजना की व्यवस्था ।

ख) पात्रता मानदंड:

(i) शैक्षिक अर्हताएं (दिनांक 01-11-2009 को) :

(i) स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में अंग्रेजी के साथ हिन्दी/हिन्दी अनुवाद में द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर डिग्री अथवा

(ii) स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में हिन्दी के साथ अंग्रेजी में द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर डिग्री अथवा

(iii) स्नातक स्तर पर विषय के रूप में हिन्दी और अंग्रेजी के साथ संस्कृत/अर्थशास्त्र/वाणिज्य में द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर डिग्री । (स्नातक स्तर पर हिन्दी विषय के बदले स्नातक स्तर के समकक्ष मान्यताप्राप्त हिन्दी अर्हता भी हो सकती है) **अथवा**

(iv) हिन्दी/हिन्दी अनुवाद और अंग्रेजी दोनों में स्नातकोत्तर डिग्री जिसमें से एक द्वितीय श्रेणी की होनी चाहिए ।

वांछनीय : द्विभाषी शब्द संसाधन का ज्ञान ।

(ii) अनुभव: (दिनांक 01-11-2009 को)

अनिवार्य: किसी राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय साप्ताहिक/समाचार पत्र या किसी सरकारी/अर्ध सरकारी कार्यालय या किसी स्वायत्त निकाय/उपक्रम आदि में अंग्रेजी से हिन्दी अनुवाद तथा इसके विपरीत या शब्दावली निर्माण में कम से कम तीन वर्ष का अनुभव ।

वांछनीय:

(i) स्नातक स्तर पर संस्कृत/कोई अन्य आधुनिक भारतीय भाषा/ भाषा विज्ञान का अध्ययन ।

(ii) साहित्यिक कार्य का प्रकाशन ।

(iii) आयु (दिनांक 01-11-2009 को)

30 वर्ष से अधिक नहीं । पीएच. डी योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा 32 वर्ष । विनिर्दिष्ट श्रेणियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट के लिए कृपया निम्नलिखित मद सं. 7 देखें ।

ग) चयन योजना:

चयन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार द्वारा किया जाएगा । लिखित परीक्षा **दिनांक 21फरवरी 2010, रविवार** को आयोजित की जाएगी । लिखित परीक्षा हिंदी से

अंग्रेजी और इसके विपरीत अनुवाद करने के उम्मीदवार के सामर्थ्य तथा बैंकिंग, अर्थशास्त्र, वाणिज्य और अन्य संबंधित विषयों पर बल देते हुए हिंदी एवं अंग्रेजी शब्दावली के ज्ञान तथा स्वंय को हिन्दी और अंग्रेजी में व्यक्त करने की उम्मीदवार की योग्यता का मूल्यांकन करने के लिए तथा 100 पूर्णांक के साथ 3 घंटों का होगा । जो उम्मीदवार लिखित परीक्षा में अर्हता प्राप्त करेंगे उन्हें ही अंतिम चयन हेतु साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा ।

6. आवेदन शुल्क (अप्रतिदेय): प्रत्येक आवेदन के लिए **100/- रूपये (एक सौ रूपये मात्र)** । अजा/अजजा/शावि उम्मीदवारों के लिए कोई शुल्क देय नहीं है । शुल्क का भुगतान केवल मुंबई में देय तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के पक्ष में आहरित डिमांड ड्राफ्ट से किया जाए । तथापि, जिन स्थानों पर बैंक नहीं है उन स्थानों के उम्मीदवार शुल्क का भुगतान भारतीय रिज़र्व बैंक के पक्ष में आहरित तथा प्रधान डाकघर, **मुंबई** में देय रेखांकित भारतीय पोस्टल आर्डर के माध्यम से कर सकते हैं । उम्मीदवार अपना नाम और पता डिमांड ड्राफ्ट के दूसरी तरफ और पोस्टल आर्डर में इस उद्देश्य से दिए गए स्थान पर लिखें (यदि शुल्क का भुगतान किया जाना है) और इसे आवेदन पत्र में पिन (<u>स्टेपल न करें</u>) की सहायता से संलग्न करें । उचित आवेदन-पत्र के साथ नहीं भेजे गये गए शुल्क अथवा किसी अन्य तरीके से किया गया भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा । <u>एक बार शुल्क का भुगतान किये जाने पर उसे किसी भी स्थिति में लौटाया नहीं जाएगा ।</u>

7. <u>ऊपरी आयु सीमा में छूट</u> :

क) अपिव के उम्मीदवारों के मामले में 3 वर्ष यदि उनके लिए पद आरक्षित हैं ।

ख) निम्नलिखित के मामले में 5 वर्ष : **(i)** अजा/अजजा उम्मीदवारों के लिए यदि उनके लिए पद आरक्षित हैं **(ii)** रोजगार केन्द्र के माध्यम से आवेदन करने वाले बैंकिंग संस्थाओं के वे भूतपूर्व कर्मचारी जिनकी सेवाएं मितव्ययता के कारण या बैंक के परिसमापन के परिणामस्वरूप समाप्त कर दी गई थी तथा न्यूनतम एक वर्ष की सेवा के बाद सरकारी कार्यालयों से

छंटनी हुए कर्मचारी **(iii)** वे भूतपूर्व सैनिक (आपातकालीन कमीशन-प्राप्त अधिकारियों/अल्पावधि सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों सहित) बशर्ते आवेदनकर्ता ने सेना में लगातार कम से कम 5 वर्ष सेवा की हो और जो निर्दिष्ट कार्यकाल पूरा होने पर सेवामुक्त किये गये हैं (इनमें वे भी शामिल हैं जिनका कार्यकाल एक वर्ष में पूरा होने वाला है) किंतु इनमें वे भूतपूर्व सैनिक शामिल नहीं है जिन्हें कदाचार या अकुशलता या शारीरिक अक्षमता के कारण सेवामुक्त किया गया है अथवा जो सैन्य सेवा से संबंधित अपंगता या अशक्तता के कारण से सेवामुक्त कर दिये गए हों । **(iv)** ऐसे आपातकालीन कमीशन - प्राप्त अधिकारी/अल्पावधि सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारी, जो पांच वर्ष की मिलीटरी सेवा में प्रारंभिक काल पूरा कर चुके हों लेकिन जिनका कार्यकाल पांच वर्ष से अधिक अवधि के लिए बढ़ा दिया गया हो तथा जिनके मामले में रक्षा मंत्रालय इस आशय का प्रमाणपत्र जारी करे कि चयन होने पर नियुक्ति का प्रस्ताव प्राप्त होने की तारीख से तीन महीने के भीतर ही उन्हें कार्यमुक्त कर दिया जाएगा । **(v)** वे उम्मीदवार जो 1 जनवरी 1980 और 31 दिसंबर 1989 के बीच की अवधि में सामान्यत: जम्मू और कश्मीर डिवीजन के अधिवासी रहे थे।

ग) शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवार (सामान्य) के लिए 10 वर्ष; शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवार (अपिव) के लिए 13 वर्ष; शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवार (अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति) के लिए 15 वर्ष ।

टिप्पणी: आयु सीमा में संचयी छूट उपर्युक्त मदों या अन्य मदों के संयोजन से नहीं दी जाएगी ।

8. परीक्षा केंद्र: लिखित परीक्षा निम्नलिखित केंद्रों (कोड न. कोष्ठक में दिए गए हैं) पर आयोजित की जाएगी।

अहमदाबाद	(11)	जयपुर	(20)
बंगलूर	(12)	जम्मू	(21)
भोपाल	(13)	कानपुर	(22)
भुवनेश्वर	(14)	लखनऊ	(24)
कोलकाता	(15)	मुंबई	(25)
चंडीगढ़	(16)	नागपुर	(26)
चेन्नै	(17)	नई दिल्ली	(27)
गुवाहाटी	(18)	पटना	(29)
हैदराबाद	(19)	तिरूवनंतपुरम	(31)

उम्मीदवार केवल एक ही केंद्र का चयन कर सकता है जिसके नाम और कूट संख्या का उल्लेख आवेदन पत्र में अवश्य किया जाए । लिखित परीक्षा के केन्द्र और तारीखों में बोर्ड के विवेकानुसार परिवर्तन किया जा सकता है । किसी भी केन्द्र पर लिखित परीक्षा रद्द किये जाने की स्थिति में बोर्ड, अपने विवेक पर, संबंधित उम्मीदवारों को वैकल्पिक केंद्र आबंटित कर सकता है । लिखित परीक्षा में प्रवेश पानेवाले उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा की तारीख, समय-सारणी और स्थान की सूचना प्रवेश-पत्र के माध्यम से दी जाएगी । उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र के बिना लिखित परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा । **परीक्षा केंद्र में परिवर्तन संबंधी किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा ।**

9. सेवा शर्तें/करिअर-संभावनाएं :

(i) वेतनमान:

(क) ग्रेड 'डी' अधिकारी के लिए:

ग्रेड 'डी' अधिकारियों के लिए लागू 24875-800(5)-28875-(6 वर्ष) रुपए के वेतनमान पर उनका प्रारंभिक मूल वेतन 24875/-रुपए प्रतिमाह होगा तथा वे समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार मंहगाई भत्ते, स्थानीय भत्ते, आवास भत्ते, परिवार भत्ते के पात्र भी होंगे । वर्तमान में सीधी भर्ती के अंतर्गत ग्रेड 'डी'

अधिकारियों के लिए कुल प्रारंभिक मासिक परिलब्धियां लगभग 42,215 /- रुपये प्रतिमाह है ।

(ख) ग्रेड 'बी' अधिकारियों के लिए:

ग्रेड 'बी' अधिकारियों के लिए लागू 13700-700-20000-द.रो.-700-21400-750-24400 रुपए के वेतनमान पर उनका प्रारंभिक मूल वेतन 13700/-रुपए प्रतिमाह होगा तथा वे समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार मंहगाई भत्ते, स्थानीय भत्ते, आवास भत्ते, परिवार भत्ते के पात्र भी होंगे । वर्तमान में सीधी भर्ती के अंतर्गत ग्रेड 'बी' अधिकारियों के लिए कुल प्रारंभिक मासिक परिलब्धियां लगभग 22755/- रुपये प्रतिमाह है ।

ख) ग्रेड 'ए' अधिकारियों के लिए:

ग्रेड 'ए' अधिकारियों के लिए लागू 11250-700-18950-द.रो.-700-21750-750-22500 रुपए के वेतनमान पर उनका प्रारंभिक मूल वेतन 11250/-रुपए प्रतिमाह होगा तथा वे समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार मंहगाई भत्ते, स्थानीय भत्ते, आवास भत्ते, परिवार भत्ते के पात्र भी होंगे । वर्तमान में सीधी भर्ती के अंतर्गत ग्रेड 'ए' अधिकारियों के लिए कुल प्रारंभिक मासिक परिलब्धियां लगभग 18727/- रुपये प्रतिमाह है ।

(ii) अनुलाभ:

पात्रता के अनुसार उपलब्धता के आधार पर बैंक आवास, कार्यालयीन उद्देश्य से वाहन के अनुरक्षण के लिए व्यय की प्रतिपूर्ति, समाचार पत्र, टेलीफोन प्रभार, पुस्तक अनुदान, आवास की फर्निशिंग के लिए भत्ते आदि । पात्रता के अनुसार ओपीडी उपचार/ हस्पताल में भर्ती होने के लिए चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति सहित नि:शुल्क औषधालय की सुविधा । ब्याज मुक्त त्यौहार अग्रिम, छुट्टी किराया रियायत (दो वर्ष में एक बार स्वयं पति/पत्नी तथा पात्र आश्रितों के लिए) । आवास, कार, शिक्षा, उपभोक्ता वस्तुएं, पर्सनल कंप्यूटर आदि के लिए रियायती ब्याज दरों पर ऋण तथा अग्रिम । इस पद से भविष्य निधि, पेंशन, ग्रैच्युटी के लाभ भी जुड़े हुए हैं । मुंबई में भारतीय रिज़र्व बैंक में कार्यग्रहण करने वाले अधिकारियों के लिए

बैंक के लिए लागत के आधार पर इन पदों से जुड़े स्वीकार्य अनुलाभों सहित कुल वेतन तथा भत्ते का योग ग्रेड 'ए' अधिकारी के लिए कम से कम 5.45 लाख रुपए प्रतिवर्ष (लगभग), ग्रेड 'बी' अधिकारी के लिए कम से कम 6.00 लाख रुपए प्रतिवर्ष (लगभग) है व ग्रेड 'डी' अधिकारी के लिए 17.61 लाख रुपए प्रतिवर्ष (लगभग) है तथा पैकेज व अनुलाभ परिवर्तनीय हैं ।

टिप्पणी: जो उम्मीदवार बैंक के लिए उच्च शैक्षिक योग्यता/व्यवसायिक योग्यता/ विशेष अनुभव रखते हों उन उम्मीदवारों को बैंक अपने विवेक पर चार अग्रिम वेतन वृद्धि देने पर विचार कर सकता है । बोर्ड, साक्षात्कार के समय बैंक के सार्थक महत्व के लिए विशेष अनुभव/उच्चतर योग्यता के कारण उच्चतर परिलब्धियों के अनुरोध पर विचार करने का एक मात्र अधिकार रखता है । ऐसी जानकारी जीवन-वृत फार्म के उचित कॉलम में दी जाए । अधिकतम वेतनवृद्धियों की संख्या 4 होगी। बोर्ड/बैंक साक्षात्कार के बाद प्राप्त हुए अनुरोध पर विचार नहीं करेगा ।

(iii) प्रारंभिक नियुक्ति दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर होगी जो बैंक के विवेकानुसार अधिकतम चार वर्षों की अवधि तक बढ़ाई जा सकती है ।

(iv) कुछ केंद्रों में सीमित संख्या में आवासीय क्वार्टर की सुविधा उपलब्ध है । किंतु पट्टे पर आवासीय सुविधा सभी केंद्रों में उपलब्ध है ।

(v) उच्चतर ग्रेडों में पदोन्नति की पर्याप्त संभावनाएं हैं ।

(vi) चुने गए उम्मीदवारों को भारत में कहीं भी तैनात और स्थानांतरित किया जा सकता है।

10. सामान्य नियम/अनुदेश : (सभी पदों के लिए)

(i) **यदि उम्मीदवार एक से अधिक पदों के लिए पात्र है और एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहता है तो उसे अपेक्षित शुल्क के साथ प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग आवेदन करना चाहिए । एक से अधिक पदों के लिए एक आवेदन-पत्र अवैध माना जाएगा और अस्वीकृत किया जाएगा ।**

ii) **संबंधित पद के लिए आवेदन-पत्र का प्रारूप इस विज्ञापन के अंत में दिया गया है । उम्मीदवार लागू आवेदन पत्र के अनुरूप ही आवेदन करें ।**

iii) **जिन आवेदन पत्रों के साथ निर्धारित शुल्क (जब तक छूट न दी गई हो) नहीं होगा अथवा जो आवेदन पत्र अपूर्ण /निर्धारित फार्मेट में नहीं होंगे/बिना फोटो /बिना हस्ताक्षर होंगे, उन्हें अस्वीकार कर दिया जाएगा तथा इस संबंध में बोर्ड द्वारा कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा ।**

iv) **उम्मीदवार अपने आवेदन-पत्र के साथ कोई भी प्रमाणपत्र अथवा उसकी प्रतियां संलग्न (मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष के पद को छोड़कर) न करें । आवेदन-पत्र में दी गई जानकारी के आधार पर ही उनकी उम्मीदवारी पर विचार किया जायेगा । किसी भी स्तर पर यदि यह पाया गया कि आवेदन-पत्र में दी गई कोई भी जानकारी झूठी/गलत है या बोर्ड के अनुसार उम्मीदवार पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता/करती है तो उसकी उम्मीदवारी/नियुक्ति रद्द/समाप्त की जा सकती है ।**

v) **मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष के पद के लिए आवेदन करने वाले आवेदक प्रमाणपत्रों की प्रतियां आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें ।**

vi) **सभी शैक्षणिक अर्हताएं भारत या विदेश के मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/संस्थाओं से प्राप्त की गई हों । यदि अंकों के बजाय ग्रेड प्रदान किया गया हो तो उम्मीदवार उनके समकक्ष अंक स्पष्ट रूप से दें ।**

vii) उम्मीदवारों को आवेदित पद के लिए अपनी पात्रता सुनिश्चित कर लेनी चाहिए । बोर्ड पद के लिए अपेक्षित शुल्क (जहां कहीं भी लागू हो) के साथ आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों को आवेदन पत्र में दी गई जानकारी के आधार पर लिखित परीक्षा में प्रवेश दे देगा तथा उनकी पात्रता का निर्धारण केवल अंतिम स्तर अर्थात साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने के समय ही करेगा ।

viii) आवेदन पत्र सभी पक्षों से पूर्ण होना चाहिए । अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा ।

ix) ऐसे उम्मीदवार जो पहले से सरकारी/अर्ध-सरकारी संगठनों और सरकारी क्षेत्र के बैंकों/उपक्रमों में सेवारत हैं, उन्हें साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करना होगा । भारतीय रिज़र्व बैंक में नियुक्ति से पहले उन्हें नियोक्ता से एक उचित सेवा-मुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा । यदि आवेदन-पत्र नियोक्ता के माध्यम से भेजा जाना अपेक्षित है और वह बोर्ड के कार्यालय में अंतिम तारीख के बाद प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा भले ही आवेदक द्वारा वह नियोक्ता को अंतिम तारीख से पहले प्रस्तुत किया गया हो । ऐसे मामलों में, "अग्रिम प्रति" लिखकर आवेदन पत्र शुल्क के साथ बोर्ड के कार्यालय में सीधे भेज दिया जाए और नियमित प्रति (बिना शुल्क के) नियोक्ता के माध्यम से भेजी जाए ।

x) लिखित परीक्षा के लिए उम्मीदवारों को स्वयं के खर्चे पर आना होगा । साक्षात्कार के लिए बुलाये गये उम्मीदवारों को उनके आवास /कार्य के स्थान, जो भी निकट हो, से साक्षात्कार के स्थान तक आने और जाने के लिये लघुतम मार्ग द्वारा प्रथम श्रेणी/II एसी के वास्तविक रेल भाड़े की प्रतिपूर्ति की जाएगी ।

xi) बोर्ड के साथ पत्राचार करते समय प्रवेश-पत्र में दिया गया रोलनंबर अवश्य लिखें ।

xii) बोर्ड द्वारा उम्मीदवारों को अंक-सूची नहीं दी जाती है । तथापि परीक्षा के अंक और साक्षात्कार के अंक, अंतिम परिणाम की घोषणा के बाद बैंक के वेब साइट पर उपलब्ध होंगे ।

xiii) यदि पते में कोई परिवर्तन हो तो उसकी सूचना बोर्ड को तत्काल दी जाए । यद्यपि, बोर्ड ऐसे परिवर्तनों पर ध्यान देने का पूरा प्रयास करेगा, परंतु इस संबंध में बोर्ड की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी । विशेषरूप से ऐसी स्थिति में जब सूचना प्राप्ति की तिथि तथा परीक्षा/साक्षात्कार की तिथि में बहुत कम अंतर हो ।

xiv) यदि किसी उम्मीदवार को बोर्ड से लिखित परीक्षा के लिए प्रवेश-पत्र/कोई अन्य सूचना प्राप्त न हो तो उसे आवश्यक मार्गदर्शन के लिए परीक्षा की तारीख से **दो दिन** पहले पासपोर्ट- आकार के हस्ताक्षरित फोटो-सहित कार्यालय समय के दौरान

आवेदन-पत्र में दिये गये परीक्षा केंद्र के प्रभारी अधिकारी से सम्पर्क करना चाहिए । उपर्युक्त अनुदेशों का पालन न करने पर उम्मीदवार को इस बात का कोई हक प्राप्त नहीं होगा कि उसके मामले पर कोई विचार किया जाए ।

xv) आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने अथवा अन्यथा के संबंध में शीघ्र सूचित किया जाएगा ।

xvi) आवेदन करने के लिए अपनी पात्रता के संबंध में सलाह मांगने वाले उम्मीदवारों से प्राप्त पत्रों पर बोर्ड विचार नहीं करेगा ।

xvii) ये पद भारतीय रिज़र्व बैंक के उन कर्मचारियों (स्टाफ उम्मीदवारों) के लिए भी खुले हैं जो बैंक द्वारा अलग से निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं ।

xviii) **किसी भी प्रकार की अनुयाचना उम्मीदवार की अयोग्यता मानी जाएगी ।**

xix)**पात्रता, परीक्षा का नियोजन, साक्षात्कार, मूल्यांकन, रिक्तियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए साक्षात्कार में न्यूनतम अर्हता मानक निर्धारित करने और परिणामों की सूचना देने से संबंधित सभी मामलों में बोर्ड का निर्णय अंतिम तथा उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा तथा इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा ।**

xx) जहां परीक्षा आयोजित की जा रही है वहां मोबाइल फोन, पेज़र या अन्य कोई संचार उपकरण अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी । इन अनुदेशों के पालन में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो भविष्य की परीक्षाओं के लिए प्रतिबंध सहित अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी ।

11. <u>आवेदन प्रस्तुत करनाः</u>

i) उपर्युक्त पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार अपना आवेदन पत्र संबंधित पद के लिए निर्धारित फार्मेट में **साधारण डाक द्वारा** भेजें । लिफाफे पर आवेदित पद का नाम लिखा होना चाहिए उदा. के लिए 'सहायक प्रबंधक (सुरक्षा) ग्रेड 'ए' के पद के लिए आवेदन', जिस भी पद के लिए आवेदन किया गया हो तथा इसे

महाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक, सर्विसेज़ बोर्ड, पोस्ट बैग नं. 4618 मुंबई सेंट्रल डाकघर, मुंबई 400008 को संबोधित करें ।

ii) एक से अधिक पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार अपने आवेदन अलग-अलग लिफाफों में भेजें ।

iii) उम्मीदवार अपने आवेदनपत्र बंद लिफाफे में भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई सेंट्रल स्टेशन के सामने, मुंबई 400008 में इस प्रयोजन के लिए विशेष रूप से रखे गए ड्राप बक्से में भी डाल सकते हैं ।

12. **<u>अंतिम तारीख:</u>**

क) इन सभी पदों के लिए अंतिम तारीख दिनांक **24 दिसंबर 2009**, **अपराह्न 6.00 बजे** तक है ।

i) आवेदन पत्र तथा मांग ड्राफ्ट/भारतीय पोस्टल आर्डर उपर्युक्त अंतिम तारीख को अथवा उससे पहले बने/खरीदे होने चाहिए ।

ii) तथापि बोर्ड साधारण क्षेत्रों से उम्मीदवारों के आवेदन साधारण डाक द्वारा दिनांक **28 दिसंबर 2009** तक प्राप्त करेगा ।

iii) विदेश में, असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, जम्मू और कश्मीर राज्य के लद्दाख मंडल, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले तथा चंबा जिले के पांगी उप-मंडल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप में रहनेवाले उम्मीदवारों के मामले में बोर्ड साधारण डाक द्वारा दिनांक **31 दिसंबर 2009** तक आवेदन प्राप्त करेगा ।

ख) डाक के अलावा अन्य किसी प्रकार से प्राप्त आवेदन-पत्र के मामले में बढ़ाई गई समय-सीमा का लाभ नहीं मिलेगा । आवेदन-पत्र की प्राप्ति में विलंब अथवा डाक में उसके खो जाने के मामले में बोर्ड की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।

13. <u>आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के लिए जांच-सूची</u>

i) नीचे दिए गए आवेदन-पत्र के फार्मेट का उपयोग आवेदन-पत्र के रूप में नहीं किया जाए ।

ii) आवेदन पत्र लागू फार्मेट के अनुरूप ही अच्छी गुणवत्ता वाले ए4 कागज पर हिंदी या अंग्रेजी में टाइप किया हुआ अथवा हाथ से साफ-साफ अक्षरों में लिखा हुआ होना चाहिए तथा इस पर नवीनतम हस्ताक्षरित पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाया जाना चाहिए । उम्मीदवारों को सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी प्रविष्टियां सही भरी गई हों तथा आवेदन पत्र व फोटो पर हस्ताक्षर किए गए हों । ऐसे आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे जिनपर हस्ताक्षर न हो, निर्धारित फार्मेट के अनुरूप न हो/ अपूर्ण, फोटो के बिना हो ।

iii) चूंकि प्रोसेसिंग का काम कंप्यूटरीकृत है, इसलिए नाम और पता केवल अंग्रेजी के बड़े (कैपिटल) अक्षरों में लिखा जाए ।

iv) उम्मीदवारों को अपना नाम और पता डिमांड ड्राफ्ट के दूसरी तरफ और पोस्टल आर्डर में इस उद्देश्य से दिए गए स्थान पर लिखना चाहिए (यदि शुल्क का भुगतान किया जाना है) और इसे आवेदन पत्र में पिन (स्टेपल न करें) की सहायता से संलग्न करें ।

v) एक से अधिक पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार अपने आवेदन अलग-अलग लिफाफों में भेजें ।

vi) आवेदन-पत्र जिस लिफाफे में भेजा जा रहा है उस पर आवेदित पद का नाम लिखें।

vii) आवेदन पत्र साधारण डाक द्वारा **महाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक, सर्विसेज़ बोर्ड, पोस्ट बैग नं. 4618 मुंबई सेंट्रल डाकघर, मुंबई 400 008** को भेजें। आवेदनपत्र बंद लिफाफे में भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई सेंट्रल स्टेशन के सामने, मुंबई 400008 में इस प्रयोजन के लिए विशेष रूप से रखे गए ड्राप बक्से में भी डाल सकते हैं ।

आवेदन-पत्र का प्रारूप

भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड,मुंबई

मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष अधिकारी ग्रेड 'डी'/विधि अधिकारी ग्रेड 'बी' (सीभ)/आविनीवि के लिए अनुसंधान अधिकारी ग्रेड 'बी'/ सहायक प्रबंधक (सुरक्षा) अधिकारी ग्रेड 'ए' /सहायक प्रबंधक (राजभाषा) अधिकारी ग्रेड 'ए' के पद के लिए आवेदन पत्र

विज्ञापन सं. 2 ए /2009-10

---------- के पद के लिए आवेदन

1. पूरा नाम: (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में)

प्राप्ति सं.

भुगतान किया गया शुल्क

(केवल कार्यालयीन उपयोग हेतु)

2. वर्ग:

क. जिस श्रेणी से आप संबंधित हैं, उसे दर्शाने के लिए उचित बॉक्स में(√) का निशान लगाएं। ('क्रीमी लेयर' के अंतर्गत आनेवाले अपिव उम्मीदवारों को अपने वर्ग का उल्लेख (अनारक्षित) के रूप में करना चाहिए ।

ख. यदि आप शारीरिक रूप से विकलांग हैं तो उचित बॉक्स में (√) का निशान लगाएं (अस्थि रूप से विकलांग के लिए (अ.वि.), बधिर के लिए (बधिर),और दृष्टिहीन विकलांग के लिए (दृ.वि.)

अना | अपिव | अजा | अजजा

अवि | बधिर | दृ.वि.

पासपोर्ट आकार का हस्ताक्षरित अद्यतन फोटो चिपकाएं ।

3.

परीक्षा केन्द्र	**कूट सं.**	

4. लिंगः पुरूष के लिए (पु) स्त्री के लिए (स्त्री) लिखें :

5. जन्म तिथि:

_____ वर्ष _____ माह

6. आयु (दि. 01-11-2009 को)

7. आवेदित पद के संदर्भ में प्राप्त प्रशिक्षण (दिनांक 01/11/2009 को)*

8. प्रकाशित पेपरों अथवा पुस्तकों की सूची तथा सेमिनार जिनमें भाग लिया गया *

9. भाषाओं में प्रवीणता *

10. क. शैक्षिक अर्हता (दि.01-11-2009 को)

(पद हेतु विनिर्दिष्ट न्यूनतम अर्हता से प्रारंभ करते हुए)

परीक्षा का नाम (कृपया विवरण दें)	मुख्य विषय	परिणाम की तारीख	विश्वविद्यालय/ संस्थान	अंकों का समग्र % (दो दशमलव अंकों तक)	श्रेणी/ डिवीजन
स्नातक					
स्नातकोत्तर					

ख. उच्चतर अर्हता (दि. 01-11-2009 को)

(बॉक्स में विधि में पीएच.डी अथवा संबंधित विषय लिखें)

ग. कंप्यूटर एप्लीकेशन में अर्हता (पाठ्यक्रम का नाम लिखें)

11. क्या आप भूतपूर्व सैनिक/जम्मू और काश्मीर के अधिवासी की श्रेणी/सरकारी कार्यालयों/बैंकिंग संस्थाओं से छंटनी किए गए कर्मचारियों की श्रेणी में आते हैं ? हां के लिए (हां) नहीं के लिए (नहीं) लिखें ।

12. विज्ञापन के संदर्भ में अनुभव (दि. 01-11-2009 को)

नियोक्ता का नाम और पता	पदनाम	कार्य का स्वरूप	अवधि		कुल अवधि	
			से	तक	वर्ष	माह

13. परीक्षा शुल्क का विवरण

अदाता बैंक/डाकघर का नाम	मांग ड्राफ्ट/भारतीय पोस्टल ऑर्डर की संख्या और तारीख	राशि रूपए

14.पत्राचार का पता (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में) **(कृपया नाम न दोहरायें)**	
	राज्य: पिन:
	ई- मेल, यदि कोई:
	टेलीफोन नं.(एसटीडी कोड के साथ) मोबाईल नं.....

मैं एतद् द्वारा यह घोषित करता/करती हूं कि इस आवेदन-पत्र में दिए गए सभी विवरण मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण तथा सही है। मैं यह जानता/जानती हूं कि यदि किसी भी समय इस आवेदन-पत्र में उल्लिखित कोई भी सूचना असत्य/गलत पाई गई या यह पाया गया कि बोर्ड के अनुसार मैं पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती हूं, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति रद्द/समाप्त की जा सकती है। मैंने विज्ञापन में उल्लिखित शर्तों को पढ़ और समझ लिया है और एतद् द्वारा उनके अनुपालन का वचन देता/देती हूं।

स्थान: ----------

तारीख: (आवेदक के हस्ताक्षर)

नाम:

<u>उम्मीदवारों द्वारा नोट किये जाने वाले अति महत्वपूर्ण बिन्दु:</u>

(i) आवेदन पत्र पर फोटो चिपकाने सहित उम्मीदवार आवेदन-पत्र को सभी प्रकार से पूरा भरें।

(ii) किसी भी रूप में अपूर्ण आवेदन-पत्र को रद्द कर दिया जाएगा और बोर्ड द्वारा इस मामलें में कोई भी पत्राचार नहीं किया जाएगा।

(iii) आवेदित पद का उल्लेख आवेदन के शीर्ष पर करना अनिवार्य है।

* केवल मुख्यपुस्तकालयाध्यक्ष के लिए